# प्रसार भारती

# भारतीय प्रसारण निगम

# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## मौसम

प्रदेश में बीते दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त–व्यस्त हो गया है। जगह–जगह भूस्खलन, भवन गिरने और जलस्तर बढ़ने की घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थिति को देखते हुए सात जिलों में फ्लैश फ्लड का येलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि शेष दस जिलों के लिए मौसम विभाग ने भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट घोषित किया है। भारी बारिश के चलते राजधानी शिमला के भट्टाकुफर क्षेत्र की माठू कॉलोनी में आज सुबह एक पांच मंजिला इमारत गिर गई। भवन में पहले दरारें आ चुकी थीं, जिसे कल रात ही खाली करवा लिया गया था। उधर, शिमला जिले के रामपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरपारा के सिक्ससेरी गांव में कल रात बादल फटने के कारण लोगों के घरों व गौशालाओं को नुकसान पहुंचा है। इस बीच मंडी, कांगड़ा, सिरमौर और कुल्लू जिले के बंजार व मनाली उपमंडल में भारी बारिश और भूस्खलन की आशंका को देखते हुए आज सभी शिक्षण संस्थानों में अवकाश घोषित किया गया है।

विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता..

पिछले दो दिनों से लगातार बारिश का दौर चल रहा है जिसके चलते लैंड स्लाइड और बाढ़ जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला में अगले 24 घंटे में कांगड़ा मंडी सिरमौर सोलन ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर शिमला के कुछ इलाकों में भारी बारिश की संभावना जताई है। 7 जिलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू मंडी शिमला सिरमौर और सोलन जिले में अगले 24 घंटे के दौरान फ्रेश ब्लड की संभावना भी व्यक्त की गई है हिमाचल प्रदेश में 129 सड़के अभी भी यातायात के लिए बाधित है जबकि 600 से अधिक बिजली ट्रांसफार्मर सब पड़े हैं भारी बारिश को देखते हुए कुछ जिलों में स्कूलों को बंद करने के आदेश भी जारी किए गए हैं।

## वार्षिक सम्मेलन

धर्मशाला के तपोवन में पहली बार राष्ट्रमंडल संसदीय संघ जोन–दो का वार्षिक सम्मेलन आज से आयोजित हो रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। कुछ देर पहले ओम बिरला धर्मशाला पहुंच चुके हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू उदघाटन अवसर पर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस जोन में दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर शामिल हैं। इस सम्मेलन का उद्देश्य समकालीन समय में लोकतांत्रिक संस्थानों को सशक्त बनाना, श्रेष्ठ कार्य प्रणालियों को साझा करना है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि इस सम्मेलन में कुल 178 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वार्षिक सम्मेलन में 3 सत्रों का आयोजन किया जाएगा। पहले सत्र में आज राज्य के विकास की तुलना में राज्य के संसाधनों के प्रबंधन में विधायिका की भूमिका पर मंथन किया जाएगा। इस सत्र में सभी राज्यों के प्रतिनिधि अपने–अपने विचार रखेंगे। इस बीच अंतर्राष्ट्रीय संसदीय दिवस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि जनता की आकांक्षाओं को स्वर देने, सरकारों को जवाबदेह बनाने और मानवाधिकारों की रक्षा में विश्व भर में संसदों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि भारत में संसद न केवल विधायी कार्यों की सर्वोच्च संस्था है, अपितु यह हमारी लोकतांत्रिक चेतना, विविधता में एकता तथा संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।

## भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनाव के लिए आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय दीपकमल में नामांकन

पत्र भरे जाएंगे। पार्टी के चुनाव अधिकारी राजीव भारद्वाज ने बताया कि दोपहर बाद नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और इच्छुक उम्मीदवार अपने नाम वापिस ले सकेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया को पूरा करने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय प्रभारी सौदान सिंह भी शिमला पहुंच चुके हैं। राजीव भारद्वाज ने कहा कि पहली जुलाई को केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह शिमला में प्रदेश अध्यक्ष और 8 राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों की आधिकारिक घोषणा करेंगे।

कैलाश मानसरोवर यात्रा

कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच वर्षों के अंतराल के बाद आज से शुरू हो रही है। कोरोना महामारी के कारण वर्ष 2020 में इस यात्रा को स्थगित कर दिया गया था। इस वर्ष यह यात्रा सिक्किम में नाथुला पास और उत्तराखंड में लिपुलेख पास के मार्ग से आयोजित की जायेगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह यात्रा जून, जुलाई और अगस्त महीने में जारी रहेगी। कैलाश पर्वत भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है।

यूजीसी रैगिंग

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी ने रैगिंग रोकथाम विनियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए चार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों आईआईटी, तीन भारतीय प्रबंधन संस्थानों, आईआईएम

और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय सहित देश के 89 संस्थानों को नोटिस जारी किया है।